उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो–अनुसन्धान संस्थान, मथुरा

Date: 25/09/2020

उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो–अनुसन्धान संस्थान, मथुरा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की 104 वीं जयंती के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को याद किया गया जिनके नाम से इस विश्वविद्यालय का नाम जुडा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को डॉ0 जी के सिंह (कुलपति), डॉ0 पी के शुक्ला (अधिष्ठाता एवं रजिस्ट्रार) व विश्वविद्यालय के अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई, और उस असाधारण व्यक्तित्वों को याद किया, जिन्होंने आधुनिक भारतीय राजनीति को मानवता की जैविक नींव पर खड़े होने के लिए प्रेरित किया। डॉ0 जी के सिंह (कुलपति) ने सभा को संबोधित करते हुए, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के सर्वश्रेष्ठ स्मरण किए दर्शन वाक्य ''एकात्म मानववाद'' के सिद्धांत जिससे ''एक वर्गहीन, जातिविहीन और संघर्ष–मुक्त सामाजिक'' के रूप में परिभाषित किया गया है को अपनाने का आग्रह किया । पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के विचार को भी प्रतिपादित किया जिसका अर्थ है पंक्ति में खड़े अंतिम मानव का कल्याण। अंत में उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह किया कि वे समाज और राष्ट्र को अपनी सेवा देने के लिए प्रयास करें।